केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

दिनांक: 12.04.2016

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2016/40
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2016/00039
CICOM/R/2016/00075

अपीलकर्ता : श्री निखिल कुमार सिंह,
पुष्पा पैलेस, 'बी' एरिया,
मीठापुर, पटना – 800001.

निर्णय की तारीख : 12.04.2016

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 08.01.2016 |
| आर.टी.आई. आवेदन के प्रतिउत्तर की तिथि | 18.01.2016 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री उमेश चन्द्र जोशी |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 23.01.2016 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 109139/28.01.2016 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 48/29.01.2016 |

1. अपीलकर्ता ने आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से 2 बिंदुओं पर नान-कम्पलाईंस से संबंधित नियमावली के संबंध में सूचनाएं मांगी थी जिसके प्रतिउत्तर में श्री उमेश चन्द्र जोशी, उप-सचिव व जन सूचना अधिकारी, सूचना आयुक्त (एस.ए.) कार्यालय द्वारा प्रदान की गई सूचना से व्यथित होकर अपीलकर्ता ने प्रथम अपील दाखिल की है ।

2. संबंधित संचिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता ने फाइल सं. CIC/DS/A/2010/001730 के संदर्भ में नान-कम्पलाईंस के रूप में दायर शिकायत पत्र/आपत्ति पत्र पर आज तक कार्रवाई न किए जाने के संबंध में नान-कम्पलाईंस से संबंधित नियमावली की प्रति की मांग की है । इस संदर्भ श्री उमेश चन्द्र जोशी, उप-सचिव व जन सूचना अधिकारी, सूचना आयुक्त (एस.ए.) कार्यालय द्वारा प्रदान की गई सूचना कि "No record for the information sought is available (मांगी गई सूचना के संदर्भ में कोई रिकार्ड उपलब्ध नहीं है), बिल्कुल सही है तथा अधोहस्ताक्षरी इससे पूर्णतः सहमत है ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
13 ...
Initials..........

C. I. C./के० सू० आ०
ISSUED
13 APR 2016
D No..........
Initials..........

---2/-

4. प्रस्तुत संदर्भ में अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील, यदि कोई हो, आदेश प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है ।

अधोहस्ताक्षरी (प्रथम अपीलीय अधिकारी) के पास कार्य की अधिकता एवं हिंदी टंकण जानने वाले कार्मिक की अनुपलब्धता के कारण अपील के निपटान में हुई देरी के लिए खेद है ।

अचला सिन्हा

(अचला सिन्हा)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

प्रतिलिपि :

1. जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री बाबू लाल, उप-पंजीयक व जन सूचना अधिकारी, सूचना आयुक्त (एस.ए.) कार्यालय ।

13/4/16

13/4/16